# निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

(3)

**अभ्यार्थियों के ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित संभावित प्रश्नों के उत्तर/ सामान्य शंकाएं एवं समाधान**

**प्रश्न–1 क्या मैं इन महाविद्यालयों के लिए ऑफलाइन एडमिशन फार्म भर सकता हूं ?**

उत्तर यदि आप स्नातक पाठयक्रमों के लिए आवेदन कर रहे हैं तो आपको ऑनलाइन ही आवेदन करना होगा। इन महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठयक्रमों के लिए ऑफलाइन फार्म ही भरे जायेंगे।

**प्रश्न–2 क्या एडमिशन फार्म भरना मेरे प्रवेश की गारन्टी है ?**

उत्तर जी नहीं, आपका प्रवेश नीति के अनुसार निर्धारित सीटों की मेरिट में आना जरूरी है ।

**प्रश्न–3 क्या मैं एक से अधिक कॉलेज के लिए आवेदन कर सकता हूं ?**

उत्तर जी हां, आप एक से अधिक राजकीय महाविद्यालय के लिए आवेदन कर सकते हैं । इसके लिए आपको अलग अलग महाविद्यालयों के लिए अलग अलग प्रवेश फार्म भरना होगा ।

**प्रश्न–4 इस आवेदन के साथ क्या–क्या डॉक्यूमेन्ट अपलोड किये जाने हैं ?**

उत्तर आपको अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, ब्लैक इन्क (काली स्याही) पेन से किये गये हस्ताक्षर एवं यदि वोनस अंक चाहते हैं तो उसका प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। इसके लिए अन्य डॉक्यूमेन्ट की विस्तृत जानकारी निर्देशों में दी गई है।

**प्रश्न–5 मेरिट लिस्ट देखने के लिए क्या करना होगा ?**

उत्तर आपके मोबाइल व इ–मेल पर आपके मेरिट लिस्ट में चयनित होने का संदेश प्राप्त होगा । इसके उपरांत आप इंटरनेट से अपना एप्लीकेशन आईडी डालकर मेरिट लिस्ट देख सकते हैं ।

**प्रश्न–6 मुझे फीस जमा कराने की सूचना एवं प्रवेश अंतिम रूप से लेने की जानकारी कहां प्राप्त होगी ?**

उत्तर मेरिट लिस्ट देखने के उपरांत वेब पोर्टल पर महाविद्यालय के एडमिशन पेज पर इस संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध होगी ।

**प्रश्न–7 क्या यह ऑनलाइन प्रक्रिया स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के प्रवेश के लिए भी है ?**

उत्तर जी हां ।

**प्रश्न–8 क्या यह प्रक्रिया स्नातकोत्तर स्तर पर भी लागू है ?**

उत्तर जी नहीं, अभी यह प्रक्रिया स्नातक स्तर पर ही लागू की गई है ।

**प्रश्न–9 यदि मेरा नाम मेरिट लिस्ट में नहीं आता है तो मुझे क्या करना होगा ?**

उत्तर आप संबंधित महाविद्यालय में सम्पर्क करें एवं महाविद्यालय के एडमिशन वेबपेज पर डाली गई सूचनाओं का अध्ययन करते रहें ।

**प्रश्न–10 क्या मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति के लिए आवेदन भी इस प्रक्रिया से किया जा सकेगा ?**

उत्तर जी हां, आपके आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के अनुसार आपके पात्र होने पर मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृति का आवेदन पत्र स्वतः ही जनरेट हो जावेगा एवं आवेदन की नियमानुसार जांच होने पर छात्रवृति प्राप्त की जा सकेगी ।

**प्रश्न 11 ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय भूलवश गलत सूचना प्रस्तुत करने पर क्या मैं दूसरा आवेदन पत्र भर सकता हूं ?**

उत्तर जी हां, आप दूसरा आवेदन पत्र पूर्व में अपनाई गई प्रक्रिया के अनुसार भर सकते हैं, किन्तु आपके द्वारा पहले भरा गया आवेदन पत्र स्वतः निरस्त हो जावेगा।

**प्रश्न 12 क्या ऑनलाइन आवेदन में सूचना भरते समय हुई गलती को संशोधित किया जा सकता है ?**

उत्तर जी हां, आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरी गयी सूचना को सबमिट (Submit) करने से पूर्व ही संशोधित कर सकता है । साथ ही सबमिट (Submit) विकल्प क्लिक करने के बाद पूछे गये प्रश्न का उत्तर 'ना' में देने पर भी भरी गई सूचना को संशोधित किया जा सकता।

**प्रश्न 13** **आवेदन पत्र के साथ अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज के पीछे जारी करने वाले अधिकारी के हस्ता... क्या मुझे प्रमाण पत्र का अग्र और पृष्ठ भाग दोनों ओर से स्कैन (Scan) कर अपलोड करना है?**

उत्तर जी हां, दोनों ओर से स्कैन (Scan) कर एक ही फाइल बनाकर अपलोड करने पर ही दस्तावेज मान्य होगा।

**प्रश्न 14** **क्या महाविद्यालय के स्नातक स्तर के स्ववित्तपोषी पाठ्यक्रमों के लिये भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है ?**

उत्तर जी हां, यह सुविधा सभी स्नातक स्तर के पास कोर्स एवं ऑनर्स पाठ्यक्रमों के लिये नियमानुसार लागू है। इस हेतु महाविद्यालय विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ लें ।

**प्रश्न 15** **क्या ऑनलाइन आवेदन करते समय मेरे द्वारा इच्छित विषय समूह ही मुझे महाविद्यालय द्वारा आवंटित किया जायेगा ?**

उत्तर जी नहीं, विषय समूह का आवंटन आवेदित महाविद्यालय में उपलब्ध विषय समूह में उपलब्ध रिक्त स्थानों पर आधारित होगा। विषय आवंटन का अंतिम निर्णय महाविद्यालय प्रवेश समिति/ प्रशासन द्वारा किया जावेगा।

**प्रश्न 16** **ऑनलाइन आवेदन करते समय आने वाली समस्याओं (आवेदन पत्र संबंधी) के लिये कहां सम्पर्क किया जा सकता है ?**

उत्तर संबंधित महाविद्यालय में गठित हैल्प डेस्क से सम्पर्क किया जा सकता है। विशेष परिस्थितियों में निदेशालय कालेज शिक्षा में स्थापित हैल्प डेस्क से सम्पर्क किया जा सकता है।

**प्रश्न 17** **महाविद्यालय में प्रवेश की सूचना प्राप्त होंने के उपरान्त मुझे महाविद्यालय में कौन कौन से दस्तावेज प्रस्तुत करने है ?**

उत्तर आपको प्रवेश आवेदन की summary sheet में महाविद्यालय में प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजों का विवरण दिया जायेगा। इस हेतु अलग से दिये गये निर्देशों का भी अवलोकन कर लें ।

**प्रश्न 18** **क्या ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात मुझे भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिन्ट (हार्ड कॉपी) महाविद्यालय में जमा करानी है ?**

उत्तर जी नहीं, आपके द्वारा आवेदन पत्र ऑन लाइन भरने के बाद आपका आवेदन पत्र प्रवेश हेतु विचारार्थ स्वीकार कर लिया जावेगा । अतः आपको हार्ड कॉपी जमा कराने के लिए महाविद्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है।

**प्रश्न 19** **मुझे सीनियर सैकण्ड्री की परीक्षा में पूरक घोषित किया गया है। क्या मैं प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकता हूँ ?**

उत्तर जी हां, यदि आप प्रवेश नीति 2013–14 के बिन्दु संख्या 1.2 व 6.1 (जो लागू हो) के अनुरुप पात्रता पूरी करते हैं, तो आप प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं ।

**प्रश्न 20** **मेरा ऑन लाइन आवेदन पत्र कब भरा हुआ माना जायेगा ?**

उत्तर ऑनलाइन आवेदन पत्र में सही सूचनायें भरने के बाद सबमिट (Submit) विकल्प क्लिक करने के बाद आवेदन पत्र सबमिट (Submit) होंने का संदेश दिखाई देगा और आपको आवेदन पत्र के लिए आवेदन पत्र प्राप्ति संख्या (Application ID) प्राप्त हो जायेगी।

**प्रश्न 21** **क्या ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गयी विषय संबंधी प्राथमिकतायें भरना अनिवार्य है?**

उत्तर जी हां, प्रत्येक आवेदक को आवेदन पत्र में चाही गयी प्राथमिकतायें भरना अनिवार्य है ।

**प्रश्न 22** **मैंने राजस्थान बोर्ड से आंशिक विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण की है, मुझे आवेदन प्रस्तुत करने के लिए क्या प्रकिया अपनानी होगी ?**

उत्तर आंशिक विषयों में उत्तीर्ण परीक्षार्थी "Other" माध्यम से आवेदन पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिकाएं Upload करेगें।

**प्रश्न 23** **मेरा बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम रोका हुआ दर्शाया गया था लेकिन आवेदन पत्र भरने की निर्धारित तिथि तक मैने अपना परिणाम प्राप्त कर लिया हैं। मुझे आवेदन किस तरह करना हैं ?**

उत्तर आप आवेदन करते समय Other पर क्लिक करे तथा समस्त Personal Details अर्हकारी परीक्षा का विवरण व शेष फार्म भरकर अंकतालिका की प्रति Upload करें।

**प्रश्न 24** **मैनें वर्ष 2013 में केवल पूरक परीक्षा के विषय में परीक्षा दी हैं ? मुझे आवेदन पत्र किस तरह भरना हैं?**

उत्तर आप आवेदन करते समय Other पर क्लिक करे तथा समस्त Personal Details अर्हकारी परीक्षा का विवरण व शेष फार्म भरकर दोनों (गतवर्ष एवं इस वर्ष की) अंकतालिकाओं की प्रति Upload करें।

**प्रश्न 25** **बोर्ड चयन, रोल नम्बर व नाम भरने के बाद स्वतः भरी हुई सूचनाओं या अंको में गलती पायी गयी तो मैं सूचनाओं या अंकों को ठीक कैसे कर सकता हूं ?**

उत्तर आप दुबारा फार्म भरे। Others को चुने। समस्त सही सूचनायें प्रविष्ठ करें तथा अंकतालिका Upload करें।